हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 नवंबर 2024











आज भोर के समय उगते सूर्य को देंगे भक्त अर्घ्य

# अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य..व्रती महिलाओं ने गाया गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की आराधना का पर्व छठ को लेकर अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। पर्व के तहत गुरुवार को तीसरे दिन भक्तों ने तालाब-नदी में पहुंचकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

छठ पर्व अंचल में हर्षोल्लास एवं भक्ति-भाव के साथ मनाया जाता है। 5 नवंबर को नहाय खाए पर्व के साथ प्रारंभ हुए सूर्य उपासना का महापर्व चार दिनों तक मनाया जाएगा। जिसके तहत आज गुरुवार 7 नवंबर को जिले के नदी-तालाब में छठ पर्व का व्रत रखने वाले एवं उनके परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दोपहर से ही शहर के मिथिला धाम श्री गणेश मंदिर परिसर मोती तालाब में पूजा की टोकरी लिए बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बननी प्रारंभ हो गई थी। यहां तालाब के घाट में पूजा सामग्रियों को सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तालाब के पानी में उतर कर भक्तों ने घंटों अस्ताचल भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया एवं मंगल कामना की गई। इसी तरह शहर के पेंड्री, चिखली स्थित तालाब में भी बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।



**तालाब परिसर में भक्ति गीतों की गूंज :** छठ पर्व के अवसर पर तालाब परिसर को व्यापक रूप से सजाया गया था। मिथिलाधाम श्रीगणेश मंदिर एवं मोती तालाब परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। बाजे-गाजे के साथ यहां भक्ति गीतों की भी गूंज रही। तालाब में एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक घाट में बड़ी संख्या में भक्त सपिरवार पहुंचे हुए थे, जो विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। तालाब परिसर में बच्चों एवं बड़ों ने फटाके फोड़कर भी पर्व का आनंद उठाया। इस दौरान जनप्रतिनिधि भी यहां पहुंचे और लोगों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आज भी तालाब में उमड़ेगी भीड़, पर्व का समापन

चार दिवसीय छठ पर्व का समापन कल शुक्रवार 8 नवंबर को होगा। संतान की सुख-समृद्धि की कामना लिए व्रत रखे व्रती सहित सपरिवार लोग कल भोर के समय पुनः तालाब परिसर पहुंचेंगे और उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस दौरान विधि-विधान से भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो जाएगा। ज्ञात हो कि चार दिवसीय छठ पर्व को श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाने के लिए पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी सहित पूजा सामग्रियों की खरीदी करने भी लोगों की व्यस्तता बनी हुई थी। इस महापर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित है।

# हड़ताल का असर, पहले दिन एक भी टोकन नहीं

## 14 नवंबर से धान खरीदी के लिए गुरुवार से टोकन की शुरूआत, किसानों को ऑनलाइन सुविधा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में आगामी 14 नवंबर से होने वाली सरकारी धान खरीदी से पहले किसानों को गुरुवार को टोकन बांटने की शुरूआत की गई। ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन सुविधा भी किसानों को दी गई है, लेकिन समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से पहले दिन जिले में एक भी किसान को धान खरीदी के लिए टोकन नहीं मिल पाया। जबकि आने वाले दिनों में भी हड़ताल का असर टोकन वितरण की प्रकिया में देखने को मिलेगा।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार के निर्देश पर गुरुवार 7 नवंबर से धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों को टोकन वितरण किया जाना था। समितियों के जरिये ही किसानों को टोकन मिलता है, लेकिन सभी समिति कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। ऐसे में किसानों को टोकन ही नहीं मिल पाया। जबकि पहले दिन ऑनलाइन प्रणाली से भी किसी किसान ने टोकन नहीं लिया है। हालांकि प्रशासन अपनी तैयारी धान खरीदी को लेकर कर रहा है। वहीं टोकन वितरण के लिए भी व्यवस्था बनाने पर काम किया जा रहा है।

### जिलेवार टारगेट तय

अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है।



टोकन वितरण, खाद-बीज की सप्लाई बाधितः उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में समिति प्रबंधक व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल का असर न केवल धान खरीदी की प्रक्रिया पर दिख रही है, बल्कि रबी सीजन की तैयारी कर रहे किसानों को भी खाद और बीज के लिए भटकना पड़ रहा है।

### 17798 नए किसान

राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ व मोहला को मिलाकर कुल चार लाख 49 हजार 498 हेक्टेयर का रकबा पंजीकृत हुआ है। इस बार 17 हजार 798 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार पंजीयन कराया है। पूर्व में पंजीकृत किसानों में दो हजार 396 का पंजीयन इस बार विभिन्न कारणों से निरस्त भी हुआ है। जबकि लगभग 20 हजार ने गत वर्ष पंजीयन के बाद भी अपना धान नहीं बेचा था। खरीफ वर्ष 2023-24 में अकेले राजनांदगांव जिले में एक लाख 28 हजार 69 किसानों का पंजीयन हुआ था, जो इस बार बढ़कर एक लाख 32 हजार 733 हुआ है। यानी राजनांदगांव जिले में चार हजार 664 किसान बढ़े हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | UGC-DEB | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University
THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC
CENTRE FOR DISTANCE EDUCATION
BE THE CHANGE
www.cvru.ac.in
15 Years Experience of Distance Education



दूरस्थ शिक्षा - प्रवेश प्रारंभ
FEATURES OF CVRU-CENTRE FOR DISTANCE EDUCATION
- All Procedures through ONLINE PORTAL
- Quality STUDY MATERIALS (SIM, SLM, e-LM) & Online Lectures
- Timely Conduct of Exams followed by Quick Results
- Remedial Classes/Contect Class/ Dout Clearing Class
- Enhancement in Skill based Education
- Bhartiya Gyan Parampara Kendra & Chhattisgarh shodh Evm Srijan Peeth
- Online Live Lectures & contents from MOOCS, SWAYAM, NPTEL
- Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
- Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
- 150+ MoUs with national & international organizations and industry partners
Join New Age Degree Programmes
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
Admission Last Date 15th November 2024
Programmes Offered
MBA | BBA | B.Com | B.Lib
Admission Enquiry Call :
9302969342, 9617772312
HELP DESK FOR ENQUIRY
RAIPUR : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308
JAGDALPUR : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779
BHILAI : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District : DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 7000718244
RAJNANDGAON : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528
Kargi Road, Kota, BILASPUR (C.G.), Ph. : 07753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in
AdPRAYAS




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मुलाकात



**अंबागढ़ चौकी।** जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने गत दिनों कलेक्टर तूलिका प्रजापति से सौजन्य मुलाक़ात किया। इस दौरान अवधेश त्रिपाठी, कमलेश सारस्वत , देव कुंभकार, भारत भूषण राजपूत, काशी निषाद उपस्थित थे।

### जगह बदलकर बना दिया पुल

**अंबागढ़ चौकी।** बांधा बाजार में श्मसान घाट मार्ग पर पुल निर्माण के लिए एससीएएलडब्ल्यू योजना अंतर्गत 11 लाख की स्वीकृत हुआ था। पुल निर्माण के लिए जहां भूमि पूजन किया गया था वहाँ न बनाकर अन्य जगह बना दिया गया है। निर्माण भी इस्टीमेट के आधार पर नहीं किया गया है। घटिया और छोटा पुल बनाकर राशि का बंदरबाट कर दिया गया। ग्रामवासियों ने उक्त कार्य की जांच लोक निर्माण विभाग से कराने की मांग की है। उन्होंने जनपद के उपयंत्री, सहायक यंत्री से राशि वसूलने की भी मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यह निर्माण पूर्व विधायक के चहेते उपयंत्री ने कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड की पंचायतों में विधायक निधि से कराये गए कार्यो की जांच कराया जाए तो गड़बड़ी के कई मामले उजागर होंगे।



### विधायक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**छुरिया।** लाटमेटा में छतीसगढ़ अमेच्योर खो-खो संघ ने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक- बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा में विधायक भोलाराम साहू ने शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कहा कि खेल में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है। सभी खिलाड़ी समान होते हैं, उनमें जय-पराजय में समभाव रहता है। इस दौरान रुपनारायण शुक्ला, धर्मेंद्र मौर्या, नरेश शुक्ला, महेश उइके, मधुरानी शुक्ला, कस्तूरी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में खिलाडी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।



### सामाजिक सदस्यता अभियान 20 तक

**डोंगरगढ़।** जिला सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव ने ब्लाक सतनामी समाज के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दिया है। चुनाव के प्रथम चरण में 5 से 20 नवंबर तक सदस्यता अभियान चलेगा। इच्छुक लोग निर्धारित तिथि तक सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। इस संबंध में सामाजिक जन अधिक जानकारी सह चुनाव प्रभारी राजू कौशिक से ले सकते हैं।

### संकुल स्तरीय खेल का आयोजन

**छुईखदान।** भदेरा में गत दिनों संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में पांच प्राथमिक एवं दो माध्यमिक शाला के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।इस दौरान कुर्सी दौड़, 100 मीटर, 80 मीटर दौड़, कबड्डी, खो- खो, रिले रेस, जलेबी दौड़, गोली चम्मच दौड़, आलू दौड़, योग आदि का आयोजन किया गया। सिंगारपुर के पंच, सरपंच, उप सरपंच एवं ग्रामवासियों ने खेल का आनंद लिया। अंत में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्पर्धा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच रामस्वरूप यादव, संकुल समन्वयक राजूदास मानिकपुरी, पीएल जंघेल, चिंताराम धुर्वे, चैतराम वर्मा, धर्मलाल सोरी, पूरनलाल ठाकुर, चंद्रलाल रोडगे, दिनेश जंघेल, करणदास आदि उपस्थित थे।



### अंसारी के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह




**राजनांदगांव।** कृषि विभाग के उपसंचालक कार्यालय में पदस्थ अब्दुल खालिद अंसारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के सेवानिवृत्ति होने पर कृषि विभाग के सौजन्य से सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं कृषि विभाग में दिए गए उनकी सेवा कार्यों की सराहना की गई। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर पर उनकी पत्नी साबरा अनवरी, पुत्र डॉ.मोहम्मद अरशद अंसारी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और मित्रगण उपस्थित थे।



**राजनांदगांव।** छठ पूजा के दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने तालाब में पहुंचकर लोगों को इस महापर्व की बधाई दी।

## आयोजन में जिला प्रशासन फेल साबित : मनराखन

# राज्योत्सव में कलह, संगीत विवि शिक्षक संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य स्थापना के 24 वें वर्षगांठ पर आयोजित जिला स्तरीय आयोजन में पर्याप्त समय और प्रस्तुति के लिये मंच नहीं मिलने से संगीत विवि शिक्षक संघ में तीखा आक्रोश है।

- कलाकारों की प्रस्तुति कराने में प्रशासन विफल
- कार्यशैली से कलाकार नाराज

राज्योत्सव के पूरे आयोजन को फेल बताते हुए कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी, व्यवस्था, प्रचार प्रसार के अलावा प्रतिष्ठित कलाकारों की कलात्मक प्रस्तुति के मामले जिला प्रशासन फिसड्डी साबित हुआ है। सोशल मीडीया में संगीत विवि शिक्षक संघ कि टिप्पणी इसका प्रमाण है जिसमें लगभग सभी नामचीन कलाकारों ने जिला प्रशासन की कार्यशैली की खिलाफत करते हुए टिप्पणी की है।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि प्रस्तुतिकरण के दौरान ही कलाकारों को बीच में रोककर मंच खाली कराया गया यह सरासर एशिया के सबसे पहले और देश के एकमात्र संगीत विवि में कार्यरत प्रतिष्ठित शिक्षक कलाकारों का अपमान है। उन्होंने कहा कि किसी कलाकार की कलात्मक प्रतिभा को समझने के लिये कलात्मक सोच और संवेदनशीलता होनी चाहिये, लेकिन जिला प्रशासन ने मामले पूरी तरह से संवेदनहीनता का परिचय दिया है।

### रात तक खुला रहा गर्ल्स हॉस्टल



संगीत विवि शिक्षक संघ के नाम से व्हाट्सअप ग्रुप में जिला प्रशासन के खिलाफ कड़ी टिप्पणियों का हवाला देते हुए मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा नेताओं को खुश रखने और उन्हें बोलने का ज्यादा अवसर देने कलाकारों का अपमान हुआ है यथोचित सम्मान नहीं देकर कला संगीत के मर्मज्ञ विद्वानों को जिला प्रशासन ने ठेस पहुंचाया है। श्री देवांगन ने कहा कि प्रशासनिक दोहन के शिकार कलाकारों में इस वाकिए से काफी नाराजगी है। कलाकारों के अपमान के साथ भाजपा के अतिथि नेताओं को भीड़ दिखाने संगीत विवि के कन्या छात्रावास की छात्राओं को जबरदस्ती रात दस बजे तक पंडाल में बिठाया गया जबकि आज तक कभी भी कन्या छात्रावास के बच्चों को निर्धारित समय के बाद बाहर जाने या निकलने की छूट दी गईं हो लेकिन यहा कुलसचिव का पद संभाल रहे अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने मौखिक आदेश जारी कर सभी बच्चियों को पंडाल में बुलाया और देर रात तक रोके रखा इस दौरान यदि कोई अप्रिय घटना होने पर जिम्मेदार कौन होता। कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा कि राज्योत्सव के नाम पर जिला प्रशासन ने खानापूर्ति की है। अतिथियों का नाम समय पूर्व तक तय नहीं कर पाई और आमंत्रण कार्ड भी समय में लोगो को नहीं मिल पाया।

### भाजपाईकरण कर दिया राज्योत्सव का

जिला प्रशासन के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम बताते हुए मनराखन देवांगन ने कहा कि राज्योत्सव को लेकर लगाए पंडाल, पोस्टर में भी इसकी झलक लगातार देखने को मिली। कार्यक्रम में भाजपा और अन्य दल के दूसरे दर्जे के जनप्रतिनिधियो, या भाजपा के सदस्य और कार्यकर्ताओं को तवज्जों नहीं दिया गया। पूरे आयोजन मे तारतम्यता का अभाव रहा, अतिथियों के सम्मान और विभागीय पुरस्कार वितरण के समय व्यवस्था बेतरतीब रही। दर्शकों की खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ स्कूली बच्चे और संगीत विवि के बच्चो का जबर्दसती बिठाए रखा गया।

# दीप जलाकर लोगों ने मनाया राज्योत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगरवासियों ने राज्य गठन के चौबीस साल पूरे होने पर छत्तीसगढ महतारी के चित्र के समक्ष सैकड़ो दीप जलाकर आनंदोत्सव मनाया।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने कहा कि नगर की समाज सेवी संस्थाए महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से राज्य का नागरिक होने का एहसास दिलाती है।

वह हमे प्रदेश के प्रति जवाबदारियों का बोध कराती है। डां. सियाराम साहू ने राज्य की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर दास ने बताया कि राज्य के गठन के बाद ही विकास तेजी से हुआ है। अब सडक, बिजली, नहर, स्कूल, अस्पताल, रोज़गार का जाल बिछ गया है। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि छत्तीसगढ अब युवा अवस्था में पहुंच गया है। प्रदेश को अभी बहु सारे आयाम तय करना है। नवनीत जैन ने कहा कि राज्य की कल्पना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साकार किया।

इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष शांतिलाल सांखला, आदित्य देव, संजीव दुबे, पवन चंद्राकर, मनोज वैष्णव, लाल जितेन्द्र किशोर दास, लाल जेके दास, डां. अपूर्व भद्र, इसराइल सोलंकी, कमलेश यादव, राजकुमार वैष्णव, नसीम भाई, जैनेंद्र संचेती, उमाशंकर महोबिया, मोहन जंघेल, सुरज यादव, सतीश चंद्राकार आदि उपस्थित थे। संचालन अशोक चंद्राकर ने किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने छत्तीसगढिया-सबले बढ़िया का नारार लगाते हुए दीपदान कर राज्य गठन का उत्सव मनाया। सभी ने एक दूसरे को मिठाईया खिलाकर बधाई दिया।

# घट यात्रा के साथ विधान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्रम्हालीन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री आगम सागर, पुनीत सागर और एलक धैर्य सागर के सानिध्य में गुरुवार को श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आगाज घटयात्रा के साथ हुआ।

सुबह श्री दिगंबर जैन मंदिर में नित्य अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के बाद मुनिश्री का प्रवचन हुआ। तत्पश्चात घट यात्रा निकली जो मंदिर से सदरलाईन, फव्वारा चौक, मेन रोड से श्री राम द्वार होते हुए वापस मंदिर पहुंची।

श्री सिद्ध चक्र विधान की शुरूवात ध्वजारोहण से हुई। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्रशांत सौरभ जैन को मिला। इस मौके पर विधान के लिए पात्रों का चयन किया गया। श्री जी की स्थापना राकेश- नीलम जैन, मंडप उदघाटन मुकेश- माधुरी जैन, प्रथम मंगल शांतिधारा पवन कुमार- मनोज कुमार जैन ने किया। विधान में सौधर्म इन्द्र संदीप कुमार- श्वेता जैन, सौधर्म इन्द्र मुकेश- माधुरी जैन, सौधर्म इंद्र सुनील- सप्रेम, कुबेर इन्द्र प्रदीप- प्रबोध जैन, महायज्ञ नायक भरत- गौरव जैन, श्री पाल मैना सुंदरी सारमती परिवार, विमल- क्रांति जैन, रमेश जैन राही, ईशान इन्द्र सुनील जैन, महेंद्र इन्द्र अशोक कुमार, अंशुल, अंकुर जैन, सनत इन्द्र की भूमिका पवन कुमार- मनोज जैन निभाएंगे।



### आहार के लिए दान

विधान के दौरान सामाजिकजनों के भोजन के लिए मुकेश- माधुरी जैन, लल्ली हजारी परिवार, मधुलता जैन कोंडागांव, नूतनकुमार नवीनकुमार, प्रवीण कुमार अरूण कुमार, संजय जैन, अजीतकुमार संभव कुमार, ओमप्रकाश स्नेहलता, प्रकाश कुमार अशोककुमार, ऋषभकुमार राजेशकुमार, देवेन्द्र कुमार, अमीत कुमार ने सहयोग दिया।

### सुरगी में मडई 9 को

**राजनांदगांव।** आदर्श ग्राम सुरगी में ग्रामवासियों के सहयोग से 9 नवंबर दिन शनिवार को मंडई (मेला) का आयोजन किया गया है। मड़ई के अवसर पर रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन किया गया है। जिसमें ज्ञान के अंजोर ग्राम मुड़माडी (महाराष्ट्र) की नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ उठाने आग्रह किया है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




## उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रतीयों का निर्जला उपवास होगा समाप्त



**डोंगरगढ़।** लोक आस्था के महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्ध्य दिया। इस दौरान स्थानीय महावीर तालाब में व्रती के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। चार दिनों तक चले इस आस्था के महापर्व में आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। अर्ध्य के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ेंगी। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्ध्य देने व्रती शाम 4 बजे से ही पूजा की सामग्री लेकर अपने परिवार के साथ पैदल घाट पहुंची। इस दौरान महावीर तालाब घाट पर लोक गीतों की गूंज काफी दूर तक सुनाई दे रही थी। बच्चों ने घाट पर फटाके फोड़इस पर्व में अपनी खुशी का इजहार किया। देर शाम तक चले इस आयोजन में घाट पर बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन की भी मौजूदगी देखी गई।

### सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**छुईखदान।** वार्ड क्रमांक 11 के नागरिकों की वर्षो पुरानी लंबित मांग दाऊ राम कुंभकार के घर से काशी कुंभकार के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिका महोबिया के करकमलों द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद सोनाली देवांगन, समाजसेवी संजय महोबिया, राजीव कुंभकार, नगर पंचायत के कर्मचारीगण व वार्डवासी मौजूद रहे। इस रोड़ के बन जाने से वार्डवासियों को आवागमन में अब कोई परेशानी नहीं होगी। वार्डवासियों ने इस सौगात पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिका महोबिया एवं वार्ड पार्षद का धन्यवाद ज्ञापित किया है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# अंचल के किसानों ने धान कटाई का किया श्री गणेश, अच्छी पैदावार को लेकर किसानो में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

दीपावली त्यौहारों की व्यस्तता से फुर्सत होने के बाद अब अंचल के किसानो ने एक बार फिर खेतों का रूख करते हुए अपने खून पसीने से सींची गई धान की फसल की कटाई शुरूकर दी है।

हालांकि अभी धान कटाई ने जोर नहीं पकड़ा है, जिन किसानो ने पहले से धान की बोआई कर दी थी और जिनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है उन्होंने धान कटाई का श्री गणेश कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस बार धान की फसल के अनुरूप अच्छी बारिश होने के कारण जिले में धान की बम्पर पैदावार हुई है। सोने पर सुहागा वाली बात यह है कि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के मुताबिक अब धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल एक मुस्त मिल रहा है। जिसे लेकर किसानों के चेहरों में खुशी साफ देखी जा रही है। अंचल के किसानो ने बताया कि जिन किसानो ने अपने खेतों में पहले ही हाईब्रीड किस्म की धान की बोआई की थी उनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है और उन्होंने मौसम के बनते बिगड़ते मिजाज को देखते हुए अपनी फसल की कटाई भी शुरू कर दी है। वहीं किसानो की माने तो जिन किसानो ने एचएमटी, सरना सहित दूसरे किस्म की धान की बोआई की है उन्हें अभी कुछ दिनो का और इंतजार करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि पतले किस्म की धान नवम्बर माह के मध्य में काटने लायक हो जायेगी। वहीं लेट से बोई गई हाईब्रीड किस्म की धान भी पककर तैयार हो चुकी है जिसका कटाई कुछ किसानो ने शुरू कर दी है।



## 14 नवम्बर से खरीदी होगी प्रारंभ

राज्य शासन के तय कार्यक्रम के तहत इस बार प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ की जायेगी। जो किसानो के लिए सही समय है क्योंकि दीपावली का मुख्य त्यौहार निकल चुका है। हां इतना जरूर है कि मौसम को देखते हुए जिन किसानो ने धान कटाई शुरू कर दी है उनके लिए धान को करीब 15 दिनो तक सुरक्षित रखने में परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## दूसरे राज्यों में पहुंचे हार्वेस्टर

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूरा देश इस बात से वाकिफ है कि छत्तीसगढ़ राज्य धान के उत्पादन में अग्रणी हैं। यहां के प्रायः सभी जिलों में हर साल धान की बम्पर पैदावार होती है। जिनमें कबीरधाम जिला भी शामिल है। यहीं वजह है कि हर साल धान की फसल तैयार होने के साथ ही पंजाब, हरियाणा सहित दूसरे राज्यों से कई लोग अपने हार्वेस्टर लेकर यहां पहुंच जाते हैं और प्रति एकड़ धान की कटाई की रकम तय कर अच्छी कमाई करते हैं। जिले के सम्पन्न व बड़े किसान भी मजदूरों की जी हजूरी करने की बजाय इन हार्वेस्टर संचालकों से ही धान की कटाई कम वक्त में और अच्छे ढंग से करा लेते हैं। बताया जा रहा है कि इस बार भी जिले में इस समय थोकभाव में हार्वेस्टर संचालक पहुंचे है और धान कटाई का काम तलाश रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सारंगपुर के छात्र शुभम एमडी के लिए चयनित



**कवर्धा।** विकासखंड बोड़लाके ग्राम सारंगपुर निवासी कृषक कैलाश चंद्रवंशी के सुपुत्र शुभम चंद्रवंशी का चयन एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) के लिए स्वस्थ वृत्त एवं योगा के लिए नारायण प्रसाद अवस्थी आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में हुआ है। इनका रैंक छत्तीसगढ़ में 13 है। एमडी के लिए चयन होने पर गांव में हर्ष का माहौल है। जानकारी के मुताबिक छात्र शुभम की प्राथमिक शिक्षा से हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा गृह ग्राम सारंगपुर कला में हुई है। जिसके बाद इन्होने बीएससी, तथा एमएस की पढ़ाई रायपुर के आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर से की है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**कवर्धा।** प्रदेश के सभी कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर कर सकते है। आवेदन की अंतिम तारीख (नवीन व नवीनीकरण) 31 दिसंबर है।

### यूएफएम और पूरक परीक्षा के नतीजे जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने नकल प्रकरण (यूएफएम) व पूरक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय से इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक यूएफएम अंतर्गत बीसीए भाग-एक, बीएससी भाग-एक व तीन, बीए भाग-एक से तीन परीक्षा-2024 शामिल है। इसी प्रकार बीए भाग- एक व बीएससी भाग एक पूरक परीक्षा-2024 का परिणाम भी जारी किया गया है। नतीजे विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। विद्यार्थी पोर्टल का अवलोकन कर सकते हैं।

**मनमानी:** लोग पूछ रहे आखिर कब होगा लाखों के भवन निर्माण का लोकार्पण

# पिछले 3 साल से अपूर्ण पड़ा है बोड़ला का सर्व मांगलिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

माना जा रहा था कि सत्ता परिवर्तन के बाद जिले की व्यवस्था में सुधार होगा और विभागों के अधिकारियों तथा उनके ठेकेदारों की मनमानी पर लगाम लगेगी। सभी शासकीय विकास एवं निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त और समय में पूरा कराए जाएंगी। लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के करीब दस माह बाद भी जमीनी हकीकत ये है कि सब कुछ पुराने ढर्रे में और मनमाने ढंग से ही चल रहा है। विभागीय अधिकारी और उनके ठेकेदार आज भी अपने ही अंदाज में अपने ही ढंग से सरकारी निर्माण कार्यो को अंजाम दे रहे हैं। जिन्हें देखने सुनने वाला सत्ता सरकार में कोई नहीं है। इसकी एक बानगी जिले की कवर्धा विधानसभा की नगर पंचायत बोड़ला में देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबकि यहां कांग्रेस शासनकाल में नगरवासियों की मांग पर शासन ने वर्ष 2021 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व मांगलिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 73 लाख 44 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की थी। संबंधित कार्य ऐजेंसी ने इस लाखों रूपए की लागत से बनने वाले भवन का ठेका अपने किसी चहेते ठेकेदार को देते हुए 28 अक्टूबर 2021 को वर्क आर्डर जारी किया था और भवन निर्माण के लिए कार्य अवधि 8 माह निर्धारित की गई थी। लेकिन वास्तविकता ये है कि करीब तीन साल बाद भी यह भवन का लोकार्पण नहीं हो पाया है और भवन में अब भी कुछ काम बाकी है। ऐसे में अभी तक नगरवासियों के लिए इस भवन की उपयोगिता फिलहाल शून्य बनी हुई है। नगरवासियों ने बताया कि भवन भले ही अपने निर्धारित समय से करीब दो साल लेट ही सही लेकिन अब लगभग बनकर तैयार हो चुका है। वहीं जो थोड़ा बहुत काम शेष उसे संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि चाहें तो ठेकेदार को बोलकर हप्तेभर में पूरा कराकर इसका लोकार्पण करा सकते हैं। ताकि आने वाले देवउठनी एकादशी के बाद अंचल व नगर में होने वाले मांगलिक कार्यो में जरूरतमंद लोगों के यह काम आ सके। लेकिन भगवान जाने क्यों संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है क्यों ठेकेदार को खुली छूट दी गई है। लोगों ने भवन का जल्द से जल्द लोकार्पण कराकर इसे लोगों के लिए सुलभ कराए जाने की मांग की है।

## कहीं नेताओं में श्रेय लेने की होड़ तो नहीं



कुछ लोगों का मामना है कि क्योंकि इस भवन निर्माण की स्वीकृति कांग्रेस शासनकाल में प्रदान की गई थी और वर्तमान में बोड़ला नगर पंचायत में भी कांग्रेस की ही महिला अध्यक्ष काबिज हैं। ऐसे में अगर इस भवन का लोकार्पण अभी किया जाता है तो निश्चित रूप से इसका श्रेय कांग्रेस को चला जाएगा और लोकार्पण की शिला में कांग्रेस अध्यक्ष का नाम अंकित होगा। तो क्या इस भवन के लोकापर्ण के लिए अनावश्यक रूप से सिर्फ इसलिए देरी की जा रही है ताकि सत्तारूढ़ दल के नेता इसका श्रेय ले सकें और क्या ये मान लिया जाए की अब इस लाखों के लागत से निर्मित भवन की सेवाएं लेने के लिए नगर व क्षेत्रवासियों को अभी नगर पंचायत चुनाव सम्पन्न होने तक इंतजार करना पड़ेगा। अगर वास्तव में भवन का लोकार्पण नहीं किए जाने का यही कारण है तो निश्चित रूप से यह गलत है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं को इस छोटी सोच से ऊपर उठकर लोगों की जरूरत के विषय में सोचना चाहिए और अगर ऐसा नहीं है तो फिर नगरवासियों की मांग के अनुरूप भवन का निर्माण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए ताकि लोगों को इसका लाभ मिना प्रारंभ हो सके।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की ध्यान आकर्षण रैली आज



- संघ ने सौंपा ज्ञापन, शासन के समक्ष रखी चार सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्य रूप से शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने सहित अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 8 नवम्बर को प्रदेश सहित जिलेभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय ध्यान आकर्षण रैली का आयोजन करने जा रही है।

प्रांतीय आव्हान पर आयोजित इस ध्यान आकर्षण रैली को लेकर दोनों ही संघों द्वारा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सोनबाई बंजारे, अंजू अवस्थी कवर्धा परियोजना अध्यक्ष, सुलोचनी ठाकुर, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मेरावी, राधा बर्मन ने बकायदा ध्यान आकर्षण रैली के संबंध में बीते दिनो जिला कलेक्टर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के ज्ञापन सौंपकर बताया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बीते कई वर्षो से उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रही है लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों को पर कोई विचार नहीं किया गया है।

जिसे देखते हुए संघ ने एक बार फिर मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने तथा जब तक शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया जाता तब तक सहायिका कार्यकर्ता को 26000 रुपए मानदेय दिए जाने तथा प्रतिवर्ष इसमें 10 प्रतिशत की बढ़ात्तरी किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पदोन्नत कर सुपरवाईजन बनाने तथा सहायिकाओं को पदोन्नत कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनने, सुपरवाइजर पद की भर्ती तत्काल निकाले जाने तथा कार्यकर्ता व सहायिका को सेवानिवृत्ति के बाद 10 लाख रुपए की राशि एक मुस्त भुगतान किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

उन्होने बताया कि संघ अपनी मांग को लेकर 8 नवम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में ध्यान आकर्षण रैली आयोजित करेगा तथा उसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# ग्राम तितरी में किया गया जल उत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखारजंगल

जिले के बोडला ब्लॉक के गांव तितरी में गत बुधवार को जल उत्सव का शुभारंभ किया गया। यह भव्य आयोजन गांव के लोगों में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने और उनके सक्रिय सहयोग से जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर लगभग 250 लोग उपस्थित थे, जिनमें स्थानीय नेता, सभी बीएलओ, विभाग प्रमुख, ग्रामीण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा की आरती और नदी पूजन के साथ की गई, जिसमें सभी ग्रामीणों और विशेष अतिथियों ने भाग लिया। इस पावन समारोह के बाद उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और जलगांव उत्सव अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्प लिया। जल उत्सव के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जल संपदा से संबंधित एक तथ्य पत्र भी जारी किया गया। इस तथ्य पत्र में गांव के जल संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण स्थानीय कला जत्था का नृत्य प्रदर्शन था, जिसने अनोखे तरीके से जल संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। कला जत्था के सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मंच पर नृत्य किया और संगीत के ताल पर जल के महत्व और उसके संरक्षण की अपील को दर्शाया। नृत्य के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि जल प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है, जिसका हर बूंद का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। नृत्य की एक झलक में दिखाया गया कि कैसे पानी का महत्व हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है और कैसे एक-एक बूंद की बर्बादी हमारे भविष्य को अंधकार में डाल सकती है। नृत्य प्रदर्शन में नदी, तालाब, झरने और वर्षा के रूपक का इस्तेमाल किया गया, जो गांव के लोगों के लिए बहुत प्रभावशाली था। इस प्रदर्शन में यह भी दिखाया गया कि जल संकट के कारण कैसे सूखा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम चारभाठा में सात लाख की लागत से बनेगी पुलिया किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶बिजई

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजई के आश्रित ग्राम चारभाठा के ग्रामीणों को बड़ी सौगात देते हुए जनपद सदस्य एवं पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय जनपद सदस्य मिथलेश बंजारे ने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत 7 लाख रूपए की लागत से ग्राम चारभाठा में पुलिया निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस पुलिया निर्माण क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। पुलिया निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाकवर दास उपसरपंच, शंकर डहरिया, शिव बंजारे, टोमन चंद्रवंशी, वरिष्ठ पंच गुनी राम यादव, ग्राम पंचायत के पंचगण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिवंगत पंचायत शिक्षकों के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा का रास्ता खुला

## टीचर्स एसोसिएशन ने निर्णय का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए शिक्षक पंचायत संवर्ग के पात्र आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति देने के आदेश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छ्ग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा पांच नवम्बर 2024 को जारी पत्र के अनुसार ऐसे शिक्षक पंचायत संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी एवं जिनके आश्रित नियमानुसार सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर अनुकम्पा हेतु हायर सेकेण्डरी, डीएड या डीएलएड एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण हैं, उन्हें नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि दिवंगत पंचायत शिक्षक, पंचायत विभाग में नियुक्त होकर अत्यल्प वेतन के बाद भी निष्ठापूर्वक सेवा प्रदान कर रहे थे, जिनकी सन 2010 से 2018 की अवधि में सेवा के दौरान ही विभिन्न कारणों से निधन हो गए थे, उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं मिल पाया है।

कैबिनेट के 18 जून 2018 के निर्णय में सीधी भर्ती की कार्यवाही स्थगित रखे जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके कारण पात्रता रखने वाले आश्रितों को भी अनुकम्पा नहीं मिल पा रहा था। अब शासन के निर्णय के बाद जिले के चार-पांच पात्र आश्रित को शीघ्र ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ मिलेगा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, हेमलता शर्मा आदि पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार आने वाले समय में कम योग्यता रखने वाले आश्रित को भी सहायक ग्रेड-3, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला एवं भृत्य के पदों पर योग्यतानुसार अनुकम्पा देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### जिले के इन आश्रितों को अनुकंपा का इंतजार

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में सन 2010 से लेकर 2018 तक आकस्मिक निधन हुए 36 पंचायत शिक्षकों के जिन आश्रितों को अभी अनुकम्पा नियुक्ति का इंतजार है, उनमें अजीत वर्मा, विवेकानंद मरकाम, सौरभ साहू, चंपा बाई, अक्षत सिंह, राहुल मेरावी, इंदपाल मेरावी, गायत्री चन्द्रवंशी, नागेश्वर धुर्वे, प्रीति वर्मा, अनिल कार्निक, प्रमिला रामपुरिक, नंदनी डेहरे, किरण चंद्रा, मंजू पोर्ते, रजनी साहू, अश्वनी सोनवानी, किरण बंजारे, राजकुमार अदितीय, शैल जायसवाल, नेत्ररानी पिस्दा, ललिता पटेल, धृतकुमारी सुधाकर, महेंद्र मेरावी, लता साहू, पुष्पा माठले, नर्मदा ठाकुर, प्रमोद चतुर्वेदी, इंदिरा भुआर्य, राधिका चुरेन्द्र, रेशमा मरकाम, केशरी वाटिया, सिद्धार्थ परिहार, रिकेश्वर धुर्वे, मौसमी टाइगर, सीमा धुर्वे आदि का नाम शामिल है. प्रदेशभर में अनुकम्पा के ऐसे लंबित प्रकरणों की संख्या लगभग 1269 है।

**कबीरधाम जिला भारत स्काउट्स एवं गाईड्स संघ का भव्य समारोह**

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने मनाया 75 वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिला संघ द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्वयं कार्यक्रम में शिरकत की और स्काउटिंग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्काउट्स और गाइड्स को स्काउटिंग के 75 वर्षों के गौरवशाली सफर का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्काउटिंग के महत्व, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्यों पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्थापना दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों में रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी कला और विचार प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला। 75 वें स्थापना दिवस के इस आयोजन ने स्काउटिंग से जुड़े सभी लोगों को एकजुट कर उनके भीतर सेवा, सहयोग और सृजनशीलता के मूल्यों को सुदृढ़ किया। स्काउट्स एवं गाइड्स ने एकजुट होकर समाज में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पदेन जिला आयुक्त जिला एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, एसके जायसवाल, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट विंग) सुजीत कुमार गुप्ता व गाइड विंग से संजू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी व गाइड विंग से भगवती हठीले,राज्य मिडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह ठाकुर, स्काउट मास्टर ईशाक खान, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी एवं नगर के भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, सेजेस रानी दुर्गावती चौक, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम, सेजेस सिग्नल चौक, सेजेस कहचरी पारा, संस्कार पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विवेकानंद हाई स्कूल, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर, आर्दश विद्या मंदिर हाई स्कूल, ज्योति विद्या मंदिर हाई स्कूल आदि स्कूलों के स्काउट-गाइड व रोवर्स-रेंजर्स, स्काउटर-गाइडर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सार समाचार

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने जिले के डाकघर का अवलोकन किया। जिसमें कक्षा पहली के विद्यार्थीगण एवं शिक्षकवृंद शामिल थे। उक्त आयोजन प्राचार्य शैलजा नायर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक डाकघर पहुंचकर वहां की कार्य व्यवस्था को बारीकी से समझकर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने मनीआर्डर, पार्सल आदि अनेक डाकघर संबंधी कार्य को सुगमता पूर्वक देखा और जाना। जिसमें पोस्ट मास्टर विश्वजीत शर्मा का पूर्ण सहयोग व समर्थन मिला। शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि वैज्ञानिक प्रगति के दौर में भी डाकघर की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। संचार के साधनों में डाकघर का विशेष स्थान है। इसके महत्व को बच्चों ने जाना, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर शिक्षिका मीना मेनन, हेमलता चंद्राकर, याददास साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एवं दिवाली मिलन आज



**राजनांदगांव।** शहर मंडल राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज का सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एवं दिवाली मिलन समारोह कल 8 नवंबर को सामाजिक भवन दीवानाटोल में दोपहर 12 बजे रखा गया है। मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने स्वजातीय भाई-बहनों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में शहर मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष जयदीप सिन्हा, सचिव सुनिता सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### झारखंड में भाजपा की सरकार के लिए जुटे सांसद



**राजनांदगांव।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार का दौर अपनी चरम सीमा पर पहुंच रहा है। भाजपा इस बार सोरेन सरकार के नीतियों की खामियों को उजागर कर झारखंड में सरकार बनाने की पुरज़ोर कोशिश कर रही है। भाजपा ने झारखंड में अपनी पूरी संगठनात्मक ताकत को झोंक दिया है। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रचार में भाजपा नेता अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। भाजपा ने अपने श्रेष्ठ प्रचारकों को झारखंड के चुनावी मैदान में उतारा है, ताकि भाजपा के पक्ष में माहौल बन सके। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ओजस्वी वक्ता, श्रेष्ठ रणनीतिकार के रूप में प्रसिद्ध हैं, दीपावली त्यौहार के माहौल से अप्रभावित संतोष पांडे झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए रात-दिन दौरा कर रहे हैं। सांसद पांडे झारखंड में गुमला, लोहरदगा, सिसई, बिसनपुरा विधानसभा के हर क्षेत्र में जाकर प्रचार करते केंद्र की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचा रहे हैं। सभी विधानसभा के मंडल बूथ स्तर तक बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते उन्हें उत्साह से परिपूर्ण कर रहे हैं। सांसद पांडे झारखंड में लगातार चुनावी सभा को संबोधित करते झारखंड की जनता को केंद्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर यह अहसास दिला रहे हैं कि भाजपा की सरकार आने के बाद डबल इंजन की सरकार से झारखंड प्रगति की राह पर सरपट आगे बढ़ेगा। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के महत्त्व को देखकर भाजपा आलाकमान ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे को महती जिम्मेदारी दी है, जिसे बखूबी निभाते वे दीपावली त्यौहार से अप्रभावित झारखंड में अपनी चुनावी कर्तव्यनिष्ठा को पूरा करने कई दिनों से झारखंड में जमे हुए हैं।

## समय सीमा में निर्माण के आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन बंद स्थगित

# नेशनल हाईवे की खुदाई और धूल से त्रस्त व्यापारियों ने किया मानपुर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बालोद जिला के पुरर से वाया मानपुर होते हुए महाराष्ट्र सीमा तक निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 930 के निर्माण में देरी और ठेकेदार की लापरवाही से मानपुर नगर के व्यापारी त्रस्त हो चुके हैं। निर्माण के नाम पर पूरी सड़क को खोद दी गई है। यातायात से उड़ रहे धूल से परेशान व्यापारियों ने 7 नवंबर से अनिश्चितकालीन नगर बंद का आह्वान किया था। जिसके बाद नेशनल हाईवे के ठेकेदार के सुपरवाइजर, एनएच एसडीओ मानपुर तलब हुए।

उल्लेखनीय है कि विगत कई सालों से मंदगति की रफ्तार में नेशनल हाईवे 930 का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के ठेकेदार ने पुरानी सड़क को निर्माण के नाम पर जगह-जगह खोद डाला है। आवागमन से बेतहाशा धूल उड़ाने से मानपुर नगर के नगरवासी व व्यापारी परेशान हो चुके हैं। जिसके बाद नगर के व्यापारी एकमत होकर ठेकेदार के खिलाफ लामबंद होते हुए अनिश्चितकालीन नगर बंद का ऐलान कर आज मानपुर नगर की सभी प्रतिष्ठान बंद में तब्दील रहा।

### बरसातभर बाधित रहा नेशनल हाईवे

बिना किसी तैयारी के आनन-फानन में तैयार किए गए डायवर्सन पुल के मानपुर विकासखंड में कई जगहों से बह जाने के चलते छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्य से इस ओर की आवागमन बरसात के दिनों में पूर्ण रूप से बाधित रहा। वहीं जिले की आधी आबादी बेहद परेशानियों के दौर से गुजरे हैं।




### समय-सीमा में निर्माण करने का किया वादा

मानपुर व्यापारियों के बंद के फरमान के बाद नेशनल हाईवे ठेकेदार का सुपरवाईजर तथा एनएच के एसडीओ टीकम ठाकुर धूल उड़ाते मानपुर पहुंचे, जहां नगरवासियों के आक्रोश का सामना उन्हें करना पड़ा। अंत में कार्य एजेंसी द्वारा सीमा-सीमा में निर्माण करने, क्षतिग्रस्त पाईप लाइन को सुधारने तथा दिन में तीन बार धूल उड़ रहे सड़क पर पानी छिड़कने का वादा किया गया है।

### अब तक कई लोगों की चली गई है जान

विगत कई वर्षों से निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 930 के ठेकेदार ने निर्माण में लेट-लतीफी व डायवर्सन पुल, मोड में सूचना पटल नहीं लगाने से काफी संख्या में राहगीरों का निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में मौत हो चुकी है।

### निर्माण एजेंसी को दिए हैं निर्देश

संबंधित कार्य एजेंसी द्वारा समय-सीमा पर निर्माण व अन्य दिक्कतों को समाप्त करने का वादा किया गया। जिसके बाद मानपुर में अनिश्चितकालीन नगर बंद आंदोलन को समाप्त किया गया है। - **अमितनाथ योगी,** एसडीएम, मानपुर

### चतुर्थ राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन आयोजित



**राजनांदगांव।** शहर के मोहारा स्थित ऑक्सीजन जोन में बौद्ध समाज द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापना की छठवीं वर्षगांठ के अवसर पर चतुर्थ राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारत सहित विश्व के आधा दर्जन देशों से बौद्ध भिक्षु शामिल हुए। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों ने सामूहिक बुद्ध वंदना की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। बौद्ध सम्मेलन में भारत सहित म्यांमार, मलेशिया, अमेरिका, वियतनाम से 72 बौद्ध भिक्षु शामिल हुए। उन्होंने भगवान तथागत गौतम बुद्ध की विशेष वंदना की। बौद्ध सम्मेलन में बड़ी संख्या में राजनांदगांव के बौद्ध उपासक और उपासिकाएं भी शामिल हुए। वहीं प्रदेश के अलग-अलग जिलों से भी बौद्ध अनुयायी आयोजन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान देर शाम तक आयोजन जारी रहा, जहां समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने समाज के लोगों को संबोधित करते भगवान बुद्ध और बाबा साहब के संदेश को पहुंचाया और उनके बताएं विश्व बंधुत्व के रास्ते पर चलने की बात कही।

## शैलेष को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले के छुईखदान ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव लोधी मे पदस्थ प्रधान पाठक शैलेष कुमार सोनी को बेहतर तरीके से गुणवत्ता पूर्ण, रोचक तरीके से बच्चों को नवाचार शिक्षा देने के कारण शिक्षा संभागीय कार्यालय दुर्ग के मंथन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान दिया गया। कार्यक्रम मे संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग, एएनवी स्वामी सहायक संचालक, एचएस वर्मा उप संचालक, अरविन्द मिश्रा डीईओ दुर्ग द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिंह और शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

### उपलब्धि पर दी बधाई

गौरतलब है कि प्रधान पाठक शैलेष कुमार सोनी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अन्तर्गत सत्र 2018 में शिक्षा दूत से सम्मानित किया गया था जिससे मिली सम्मान राशि से उन्होंने शाला में बच्चों के बैठक व्यवस्था का दुरूस्त करने कुर्सी टेबल खरीदकर दिया था। ब्लाक स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा, एसबीआई और ग्राम पंचायत द्वारा भी उन्हें बेहतर शिक्षण कार्य व शालेय गतिविधियों के संचालन के लिए सम्मानित किया जा चुका है। शाला विकास समिति अध्यक्ष इन्द्ररमन सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक पुरूषोत्तम देवांगन, संकुल समन्वयक दिनेश वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, दानेश्वर वर्मा, चन्द्रिका साहू सहित विभागीय कर्मियो ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है। प्रधान पाठक शैलेष कुमार सोनी ने सम्मान मिलने को लेकर कहा कि यह बीईओ रविन्द्र डड़सेना, बीआरसी सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन से संभव हो पाया है।

## प्रशासन के परिसीमन पर शासन की मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ नए बदलाव के साथ राजपत्र में प्रकाशन

नगरीय निकाय चुनाव से पहले जुलाई महीने में स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद अब शासन ने भी अपने राजपत्र में उसका प्रकाशन कर दिया है। एक वार्ड को विलोपित करने के साथ ही एक नए वार्ड सहित करीब दो दर्जन छोटे-बड़े बदलाव वार्डों में किए गए हैं। हालांकि अब भी वार्डों की संख्या 51 ही रखी गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में जुलाई महीने में नगरीय निकाय चुनाव को देखते प्रशासन द्वारा परिसीमन किया गया था, लेकिन राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में किए गए बदलाव के खिलाफ हाईकोर्ट में कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने याचिका दायर कर दी थी। जिसके बाद पूरी प्रक्रिया पर ही स्टे लग गया था। पिछले महीने हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद अब चार नवंबर को शासन ने भी परिसीमन की अधिसूचना अपने राजपत्र में प्रकाशित कर दी है।

### 11 दिसंबर के बाद चुनाव

पांच साल पहले नगरीय निकाय के चुनाव की घोषणा प्रदेश में नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में कर दी गई थी, लेकिन इस बार चुनाव की घोषणा ही दिसंबर में होगी। 11 दिसंबर तक मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम चलने के चलते, उसके बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू की जाएगी। ऐसे में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं के पास भी जनसंपर्क के लिए अधिक समय होगा।

### इस तरह के किए बदलाव

परिसीमन के तहत शहर के वार्ड क्रमांक 21 को विलोपित करने के साथ ही वार्ड 30 को दो हिस्सों में बांटा गया है। ऐसे ही वार्ड क्रमांक 7, 12, 15, 16, 22, 24, 26, 29, 33 की सीमाओं में बदलाव किया गया है। कुछ वार्डों का आरक्षण भी परिसीमन बाद बदलने की संभावना है। इनमें एससी-एसटी वार्ड शामिल हैं। अब नए सीमाओं के आधार पर ही नगरीय निकाय के चुनाव कराए जाएंगे।

### दीपावली मिलन समारोह 10 को

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज सर्किल डिलापहरी का दीपावली मिलन समारोह 10 नवंबर को नया ढाबा वार्ड नंबर 4 में आयोजित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारी ललित यादव और अनिल यादव ने बताया कि सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** एक नाबालिग से कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता अपने माता-पिता के साथ थाना आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि 3 नवंबर को पीड़िता शौच करने के लिए तेंदूडोंगरी जंगल गई थी। इस दौरान आरोपी सुनील नेताम ने पीड़िता के साथ तेंदूडोंगरी जंगल में जबर्दस्ती अनाचार किया, उसके बाद आरोपी ने पीड़िता को डराया कि यदि किसी को बताएगी तो उसे जान से मार देगा।

पुलिस ने इस मामले में थाना खड़गांव में धारा 65, 351(3) बीएनएस, 04 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर मयंक तिवारी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी खड़गांव उप निरीक्षक गणेश यादव के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी के निवास में दबिश देकर आरोपी सुनील कुमार नेताम 24 साल को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

## जालबांधा में भी शराब दुकान की सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध शराब बिक्री के चलते परेशान गौरव ग्राम घुमका के बाद अब ब्लाक के जालबांधा में ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से शराब दुकान खोलने की मांग की है। सरपंच दीनदयाल सिंहा, कुंभलाल सिंहा, दिलीप सिंहा, भानुप्रताप यादव, चंद्रभान यादव सहित सभी पंचायत प्रतिनिधियों सहित व्यापारी संघ के रिखभचंद जैन, गोपाल सिंह राजपूत, रेशमलाल बंजारे, उजियार सेन, राजेश यादव, जागेश्वर बंजारे, राकेश वर्मा, जनपद सदस्य जानकी बंजारे, महेश गुप्ता, शेरगढ़ सरपंच सुशीला शिवकुमार वर्मा, पवनतरा उप सरपंच चंद्रेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित सैकड़ो लोगों ने जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन देकर जालबांधा में शराब दुकान खोलने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में पूरे गांव सहित आसपास के दर्जनभर गॉव की गलियों में अवैध शराब बिक्री के चलते वातावरण दूषित होने की जानकारी देते हुए कहा कि दुकान खुलने से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी। ग्राम पंचायत द्वारा भी मार्च 24 में आयोजित मासिक बैठक में अवैध शराब बिक्री के चलते परेशानी का हवाला देते हुए बकायदा प्रस्ताव पारित कर शराब दुकान खोलने की सहमति प्रशासन को दी है।

### पचास साल से चल रही थी दुकान

लगभग दस साल पहले बीते पचास सालों से संचालित संचालित देशी शराब दुकान को प्रशासन ने जनसंख्या कम होने की वजह बताते हुए 2012 में बंद करा दिया लेकिन जालबांधा के अलावा आसपास के लगभग सभी गॉव में आसानी से अवैध शराब लोगों को मिल रही है। आसानी से महंगे दाम मे शराब मिलने के कारण पूरा वातावरण दूषित हो रहा वही गॉव के छोटे-छोटे नाबालिग बच्चे भी अवैध शराब बिक्री के व्यवसाय मे हाथ आजमा रहे है। अवैध शराब बिक्री को रोकने प्रशासन की अरूचि के चलते कोचियों की संख्या बढ़ गई जिसका दुष्प्रभाव दिख रहा है। इसके अलावा जालबांधा के सबसे ज्यादा करीब शराब दुकान खैरागढ़ में 20 किमी पर स्थित है जिसके कारण शराब शौकीनों को भी शराब पीने आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा राजनांदगांव और दुर्ग जिले की शराब दुकाने लगभग 40 से 45 किमी दूर है। शराब शौकीनों को दुकान नही होने से भी काफी परेशानी हो रही है। सरपंच दीनदयाल सिंहा ने कहा कि गांव के वातावरण को दूषित होने से बचाने शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया है। दुकान खुलने से अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगने की मंशा से सहमति दी गई है।

## प्रशासन ने दिया किसानों से धोखा




**राजनांदगांव।** अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने जिला प्रशासन पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से लगाया है। किसानों ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उनके साथ चालाकी करते उन्हें गुमराह किया गया और मुख्यमंत्री निवास ले जाने की बात कहकर बीच रास्ते में रोककर किसानों के प्रतिनिधि मंडल से धोखा दिया गया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त की राशि देने, 3217 रुपए में धान खरीदी करने, पूरे 3 महीने 13 फरवरी तक धान खरीदी करने की मांग और रबी सीजन में धान की फसल नहीं लेने के विरोध को लेकर किसान आंदोलन पर है, लेकिन उनके इस आंदोलन को रोकने जिला प्रशासन द्वारा चालाकी किए जाने का आरोप किसानों ने लगाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि अपनी इन चार सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 6 नवंबर को कृषि उपज मंडी में किसान एकत्रित हुए थे और यहां से वे इन मांगों पर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षण करने मुख्यमंत्री ध्यान आकर्षण यात्रा निकाल रहे थे। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी की सूचना पर कलेक्टर कृषि उपज मंडी पहुंचे और किसानों की इस यात्रा को अंजोरा तक करने कहा और किसानों के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री निवास तक ले जाने की बात कही गई। जिससे राजी होते हुए किसानों ने अपनी इस यात्रा को अंजोरा के पास समाप्त किया और वहां से 10 लोगों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री निवास के लिए निकला, लेकिन कुम्हारी टोल नाका के पास किसानों के इस प्रतिनिधि मंडल को रोक दिया गया। यहां पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सुदेश टीकम ने कहा इसी बीच एक अधिकारी ने स्वयं को मुख्यमंत्री निवास का प्रतिनिधि बताते ज्ञापन सौंपने कहा और बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए आश्वासन दिया, लेकिन किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने बार-बार निवेदन किया कि किसानों ने हमें मुख्यमंत्री निवास तक ज्ञापन पहुंचाने भेजा है, ऐसे में बीच रास्ते में किसी अधिकारी या विशिष्ट व्यक्ति को ज्ञापन नहीं देंगे, लेकिन किसानों को नियम-कानून और आचार संहिता का हवाला देते आगे नहीं जाने दिया गया। ऐसे में किसानों का प्रतिनिधि मंडल बिना ज्ञापन दिए ही वापस लौट आया। किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला प्रशासन द्वारा धोखा किया जाने को लेकर प्रदेश किसान संघ ने आक्रोश जताया है। किसानों ने कहा कि पहले बताया गया होता कि मुख्यमंत्री निवास के बजाय बीच रास्ते में ज्ञापन ले लिया जाएगा तो किसान अधिकारियों के साथ जाते ही नहीं और अपनी यात्रा अंजोरा तक सीमित भी नहीं करते। किसानों ने प्रशासन की इस तरह के कृत्य को चालाकिया बताते कहा कि इस कृत्य से प्रशासन ने न सिर्फ किसानों के साथ अपनी विश्वसनीयता खत्म की है, बल्कि सरकार के खिलाफ किसानों में आक्रोश भी उत्पन्न किया है। व्हाट्सएप के माध्यम से मानपुर पुलिस प्रशासन को परमिशन दिखाया गया था, लेकिन उन्हें राजनांदगांव नहीं आने दिया गया और किसानों को उनके वाहन का 30 हजार रुपए चालान करने की धमकी भी दी गई। इस आंदोलन को कुचलने के मामले में किसानों ने पुलिस व प्रशासन के इस तरह के रवैये की निंदा की है।

एजेंसी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के अंतर्गत मोहला में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069
9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468

### जामताड़ा विस के पर्यवेक्षक बने अब्दुल



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर अब्दुल कलाम खान को झारखंड विधानसभा चुनाव में कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक चुना है। अब्दुल कलाम ने इस तरह की जिम्मेदारियों को पहले भी बखूबी निभाया है। जिसके मद्देनजर ही उन्हें इस बार भी इतनी अहम जिम्मेदारी अलाकमान ने सौंपी है। श्री कलाम ने जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का आभार प्रकट किया है।

## पुलिस स्टाल को देखने राज्योत्सव में उमड़ी लोगों की भीड़

# राज्योत्सव में पुलिस ने लगायी जागरूकता प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्योत्सव कार्यक्रम में जिला पुलिस विभाग के साय यातायात शाखा, फायर बिग्रेड, होमगार्ड एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्टॉल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

राज्य उत्सव के अवसर पर ऑडिटोरियम में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिला पुलिस बल राजनांदगांव द्वारा नवा बिहान के तहत सायबर सेल, यातायात शाखा, फायर बिग्रेड, होमगार्ड एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल मुख्य आकर्षण का केन्द्र था, जिसे देखने के लिए लोग व बच्चे अनायास ही आकृष्ठ होकर भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई एवं पुलिस द्वारा बताए गए संदेश को रूचिपूर्वक सुनकर लाभानवित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं पुलिस विभाग सहित जिले के विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा जिला पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।




### सायबर अपराध के प्रति जागरूक

जिसमें सायबर सेल द्वारा स्कूली बच्चों एवं नागरिकों को पोस्टर, हार्डिंग्स लगाकर, 2000 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर, सायबर जागरूकता रथ के माध्यम से, सेल्फीजोन, सायबर लेन एवं लाउडस्पीकर में सायबर अपराध की जानकारी एवं इससे बचने के तरीके व सायबर अपराध घटित होने पर 1930 हेल्पलाईन पर डायल कर फ्रोड की शिकायत दर्ज करवाने के संबंध में बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया।

### यातायात नियमों की दी जानकारी

यातायात शाखा द्वारा यातायात व्यवस्था में लगने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में इंसटूमेंट को दिखाकर डेमो दिया गया। साथ ही यातायात नियमों के बारे में बताकर एवं ब्राउजर वितरण कर बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से लर्निंग लाईसेंस बनाने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा फायर बिग्रेड, होमगार्ड द्वारा आग लगने पर उस पर काबू पाने का डेमो दिया गया। जिसमें दो प्रकार के अग्निशमन उपकरण (डीसीपी) ड्राई केमिकल पावडर जो सामान्य जगहों में आग बुझाने के लिए इस्तेमाल करने और (सीओ-2) कार्बनडाई ऑक्साइड विद्युत लाईन में लगे आग को बुझाने के समय उपयोग करने का प्रदर्शन कर वहां उपस्थित लोगों एवं बच्चों को जागरूक किया गया। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 में सभी शासकीय विभाग द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाया गया था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर,
भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,
महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशिः-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**सम्मान:** राज्योत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया सम्मानित

# राज्य अलंकरण पुरस्कार : वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान से सम्मानित हुई अदिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पालीगुड़ा निवासी महिला कृषक श्रीमती अदिति कश्यप को राज्य अलंकरण पुरस्कार वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों और प्रेरणादायक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया, छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 24वी वर्षगांठ पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा श्रीमती अदिति कश्यप को यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्य स्तरीय इस सम्मान के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिलेवासियों की तरफ से श्रीमती अदिति कश्यप को बधाई दी। महिला कृषक अदिती कश्यप मूलतः कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पालीगुड़ा की निवासी है उन्होने केवल 10वीं तक शिक्षा प्राप्त की, श्रीमती अदिती कश्यप के पति पुलिस विभाग में कार्यरत है, जो वर्तमान में अम्बिकापुर में पदस्थ हैं। लेकिन पिछले 18 वर्षो से अकेले रहते हुए पालीगुड़ा खार रानीसागर के पास 15 एकड़ में खेती बाड़ी का काम स्वयं करती हैं। गृहणी होकर भी रोजाना खेत जाती हैं। वहीं धान, चना, गेहूं, मक्का के अलावा उद्यानिकी फसल भी लेती हैं। अदिती कश्यप ने पर्यावरण सुरक्षा में सहभागिता निभाने के लिए खेत के मेड़ों का सदुपयोग करते हुए नींबू, चीकू, आम, जामून, अमरूद, सीताफल, कटहल आदि फलदार वृक्ष रोपित किए हैं जिससे पर्याप्त आमदनी होती है। अदिती कश्यप ने 1 एकड़ में 30 क्विंटल धान उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, वह भी उस क्षेत्र में जहां पहले प्रति एकड़ केवल 11 क्विंटल धान उत्पादन होता था। अदिती कश्यप द्वारा बॉयर 6444 किस्म का श्री विधि से लगाई हुई धान के फसल की 135 दिन बाद कटाई हुई तो अदिती स्वयं अचंभित हो गई, इस पैदावार से प्रधानमंत्री भी प्रभावित हुए।





## महिला कृषक अदिति कश्यप साहस व मेहनत से बनीं प्रेरणा स्रोत

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती अदिति कश्यप कर्नाटक में 2 जनवरी 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कृषि कर्मण्य पुरस्कार के साथ 2 लाख रूपए व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुई, इसके साथ ही राज्य स्तरीय कई अवार्डों से सम्मानित हुई। जब अदिती कश्यप ने खेती करना प्रारंभ किया तो लोग उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन खेती के प्रति उनका जूनून इस कदर था कि उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाया, अपने खेती के बदौलत अदिती कश्यप ने ट्रैक्टर-ट्रॉली, रोटावेटर एवं अन्य कृषि उपकरण लिए हैं। अदिती कश्यप की 3 बेटियां हैं, जिनमें से दो डॉक्टर व एक फार्मासिस्ट हैं। अदिती कश्यप का कहना है कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनका साथ दे रहीं हैं और एक नया आयाम हासिल कर रही हैं। आज स्थिति यह है अदिती कश्यप अन्य महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है, जिससे प्रेरणा लेकर आसपास की हजारों महिलाएं और पुरुष किसान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से अदिती कश्यप के साथ जुड़कर परामर्श एवं मार्गदर्शन लेकर अपना जीवन बदल रहे हैं। अदिति कश्यप का यह योगदान और साहस निश्चित ही सभी के लिए एक प्रेरणा है और यह सम्मान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना और उनके साहस का प्रतीक है।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना की क्रेन केरियर पूजा की गई

## विधि विधान से की गई सत्यनारायण की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित राम्हेपुर कला में भगवान सत्यनारायण की विधि विधान से पूजा पाठ कर क्रेन केरियर पूजा प्रारंभ की गई। गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का आरंभ बुधवार को संपन्न किया। जिसमें फैक्ट्री के प्रबंधक एवं महाप्रबंधक प्रशासन सह पत्नि के साथ विधि विधान से भगवान सत्यनारायण की पूजा अर्चना किया गया साथ ही साथ सभी कर्मचारियों की स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की कामना किया, वही किसान की गन्ना लाने वाला किसान को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के पूजा मे प्रबंधक गोरीशंकर शर्मा सह पत्नि, महाप्रबंधक प्रशासन अंकित मरकाम सह पत्नि, महाप्रबंधक (वित्त ) दिनेश बीसी, गन्ना विकास अधिकारी केके यादव, मुख्य अभियंता आसुतोष पाण्डेय, कारखाना मैनेजर धनसिंग, मुख्य उत्पादन बी अस पोस्पोटे, इंजीनियर सुखपाल सिंह, नरेश जगंड़े, मुकेश चंद्रवंशी, महेन्द चंद्रवंशी, केमिस्ट अनिल कनोजिया, कपिल भुनसारी, देवेंद्र डाहिरे, धनीराम यादव फायर फाइटिंग एवं सेफ्टी इंचार्ज सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान नेतूराम साहू, साहेब दास मानिकपुरी, लालाराम व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## टमाटर...



**हरिभूमि कवर्धा।** बाजार में सांग सब्जी की दामों में आम नागरिकों को थोड़ी राहत बाजार में टमाटर 60-70 रूपए प्रति किलो मिलने वाला टमाटर 30 से 40 रूपए मिल रहा है जिससे आम नागरिकों को राहत मिली है।

## खबर संक्षेप

### यातायात सुरक्षा संदेश के साथ परिषर की गई साफ-सफाई

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत सरकार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव मे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आउटरीच माय भारत पोर्टल में वर्णित युवाओं के लिए देश सेवा व स्वयं के स्किल डेवलपमेंट व माय भारत ऐप पर पंजीयन करने संबंधी जानकारी प्रदान किया गया।

## निधन

### गुहीरा सिंह चौहान



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव निवासी गुहीरा सिंह चौहान का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया, स्व. गुहीरा सिंह चौहान का अंतिम संस्कार ग्राम कोलेगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. गुहीरा चौहान के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित गई। उनके निधन से ग्राम कोलेगांव में भारी शोक व्याप्त है।

# शहर व अंचल में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगते नहीं दिख रही है। वैसे तो अवैध शराब बिक्री का गोरखधंधा जिले में धड़ल्ले से चल रहा है विशेष कर वनांचल ईलाकों में यह अपने चरम पर है। वहीं अवैध शराब की बिक्री पर न तो शासन प्रशासन अंकुश लगा रही है और न ही आबकारी विभाग कोई रूची दिखा रहा है जिसके चलते वनांचल के कई गांवों में कोचिए सक्रिय हैं और जमकर अवैध शराब खपा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि इन कोचिओं को शराब की खेप कहीं और से नहीं बल्कि क्षेत्रीय सरकारी शराब दुकानों से ही उपलब्ध हो रही है। जिसकी शिकायत कई बार जागरूक लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से भी की जा चुकी है और समय-समय पर इसकी पुख्ता सूचना भी संबंधित विभाग व पुलिस को उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ऐसी सूचनाओं पर भी कोई ध्यान नहीं दिए जा रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों विशेष कर महिलाओं में खासी नाराजगी देखी जा रही है। गांवों में कोचिओं द्वारा अवैध रूप से बेंची जा रही शराब पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### दोगुने कीमत पर हो रही है शराब बिक्री

अवैध शराब बेचने वाले मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब खरीद कर दोगुने कीमत में बेचते है, जिससे शराब पीने वालों को सरकारी शराब दुकान के खुलने का इंतजार नही करना पड़ता है और बड़ी आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। वहीं कोचिंएं दोगुने रकम व मुनाफा कमा रहें है।

बिजनेश प्लस

# सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर 16 आरक्षित वर्ग दुकानों की नीलामी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




नगर पालिका परिषद कवर्धा स्वामित्व सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित शेष दुकानों की नीलामी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ की जाएगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित दुकानों की नीलामी किए जाने नगर पालिका में अमानत राशि जमा लिया जा रहा है, आरक्षित वर्ग के दुकानों के लिए अलग-अलग काउंटर तैयार कर अमानत राशि लिया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा स्वामित्तव की सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर की शेष दुकानों की नीलामी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा जिसके लिए पालिका द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है इस बार नीलामी सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में ही किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा दूसरी बार नीलामी सूचना निकाली है भूतल का 9 व प्रथम तल की 7 दुकानों की आम नीलामी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल शांपिग काम्प्लेक्स में ही किया जाएगा। प्रत्येक दुकान के लिए अलग-अलग अमानत राशि तय किया गया है, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक के निर्देशानुसार दुकानों की आम नीलामी सूचना जारी की गई है।

## मोटर साइकिल चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम खारा थाना रेंगाखार से हीरो एक्सट्रीम मोटर सायकल चोरी होने की सूचना प्रार्थी राकेश चंद श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इस रिपोर्ट के आधार पर थाना रेंगाखार में अपराध क्रंमाक 68/2024 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। चोरी की गई मोटर सायकल और अज्ञात चोर की तलाश पुलिस ने विश्वनीय मुखबिर की सहायता से त्वरित कार्यवाही पर अभिषेक साहू चोरी की गई मोटर सायकल लेकर खैरागढ़ की ओर जा रहा है वहीं मोटर सायकल को घटना स्थल व आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# दीप जलाकर लोगों ने मनाया राज्योत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

नगरवासियों ने राज्य गठन के चौबीस साल पूरे होने पर छत्तीसगढ महतारी के चित्र के समक्ष सैकड़ो दीप जलाकर आनंदोत्सव मनाया।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने कहा कि नगर की समाज सेवी संस्थाए महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से राज्य का नागरिक होने का एहसास दिलाती है।

वह हमे प्रदेश के प्रति जवाबदारियों का बोध कराती है। डां. सियाराम साहू ने राज्य की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर दास ने बताया कि राज्य के गठन के बाद ही विकास तेजी से हुआ है। अब सडक, बिजली, नहर, स्कूल, अस्पताल, रोज़गार का जाल बिछ गया है। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि छत्तीसगढ अब युवा अवस्था में पहुंच गया है। प्रदेश को अभी बहु सारे आयाम तय करना है। नवनीत जैन ने कहा कि राज्य की कल्पना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साकार किया।

इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष शांतिलाल सांखला, आदित्य देव, संजीव दुबे, पवन चंद्राकर, मनोज वैष्णव, लाल जितेन्द्र किशोर दास, लाल जेके दास, डां. अपूर्व भद्र, इसराइल सोलंकी, कमलेश यादव, राजकुमार वैष्णव, नसीम भाई, जैनेंद्र संचेती, उमाशंकर महोबिया, मोहन जंघेल, सुरज यादव, सतीश चंद्राकार आदि उपस्थित थे। संचालन अशोक चंद्राकर ने किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने छत्तीसगढिया-सबले बढ़िया का नारार लगाते हुए दीपदान कर राज्य गठन का उत्सव मनाया। सभी ने एक दूसरे को मिठाईया खिलाकर बधाई दिया।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतीयों का निर्जला उपवास होगा समाप्त

**डोंगरगढ़।** लोक आस्था के महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इस दौरान स्थानीय महावीर तालाब में व्रती के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। चार दिनों तक चले इस आस्था के महापर्व में आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। अर्घ्य के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ेंगी। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने व्रती शाम 4 बजे से ही पूजा की सामग्री लेकर अपने परिवार के साथ पैदल घाट पहुंची। इस दौरान महावीर तालाब घाट पर लोक गीतों की गूंज काफी दूर तक सुनाई दे रही थी। बच्चों ने घाट पर फटाके फोड़इस पर्व में अपनी खुशी का इजहार किया। देर शाम तक चले इस आयोजन में घाट पर बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन की भी मौजूदगी देखी गई।



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सारंगपुर के छात्र शुभम एमडी के लिए चयनित



**कवर्धा।** विकासखंड बोड़लाके ग्राम सारंगपुर निवासी कृषक कैलाश चंद्रवंशी के सुपुत्र शुभम चंद्रवंशी का चयन एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) के लिए स्वस्थ वृत्त एवं योगा के लिए नारायण प्रसाद अवस्थी आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में हुआ है। इनका रैंक छत्तीसगढ़ में 13 है। एमडी के लिए चयन होने पर गांव में हर्ष का माहौल है। जानकारी के मुताबिक छात्र शुभम की प्राथमिक शिक्षा से हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा गृह ग्राम सारंगपुर कला में हुई है। जिसके बाद इन्होने बीएससी, तथा एमएस की पढ़ाई रायपुर के आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर से की है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**कवर्धा।** प्रदेश के सभी कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर कर सकते है। आवेदन की अंतिम तारीख (नवीन व नवीनीकरण) 31 दिसंबर है।

### यूएफएम और पूरक परीक्षा के नतीजे जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने नकल प्रकरण (यूएफएम) व पूरक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय से इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक यूएफएम अंतर्गत बीसीए भाग-एक, बीएससी भाग-एक व तीन, बीए भाग-एक से तीन परीक्षा-2024 शामिल है। इसी प्रकार बीए भाग- एक व बीएससी भाग एक पूरक परीक्षा-2024 का परिणाम भी जारी किया गया है। नतीजे विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। विद्यार्थी पोर्टल का अवलोकन कर सकते हैं।

# अंचल के किसानों ने धान कटाई का किया श्री गणेश, अच्छी पैदावार को लेकर किसानो में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

दीपावली त्यौहारों की व्यस्तता से फुर्सत होने के बाद अब अंचल के किसानो ने एक बार फिर खेतों का रूख करते हुए अपने खून पसीने से सींची गई धान की फसल की कटाई शुरूकर दी है।

हालांकि अभी धान कटाई ने जोर नहीं पकड़ा है, जिन किसानो ने पहले से धान की बोआई कर दी थी और जिनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है उन्होंने धान कटाई का श्री गणेश कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस बार धान की फसल के अनुरूप अच्छी बारिश होने के कारण जिले में धान की बम्पर पैदावार हुई है। सोने पर सुहागा वाली बात यह है कि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के मुताबिक अब धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल एक मुस्त मिल रहा है। जिसे लेकर किसानों के चेहरों में खुशी साफ देखी जा रही है। अंचल के किसानो ने बताया कि जिन किसानो ने अपने खेतों में पहले ही हाईब्रीड किस्म की धान की बोआई की थी उनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है और उन्होंने मौसम के बनते बिगड़ते मिजाज को देखते हुए अपनी फसल की कटाई भी शुरू कर दी है। वहीं किसानो की माने तो जिन किसानो ने एचएमटी, सरना सहित दूसरे किस्म की धान की बोआई की है उन्हें अभी कुछ दिनो का और इंतजार करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि पतले किस्म की धान नवम्बर माह के मध्य में काटने लायक हो जायेगी। वहीं लेट से बोई गई हाईब्रीड किस्म की धान भी पककर तैयार हो चुकी है जिसका कटाई कुछ किसानो ने शुरू कर दी है।



**14 नवम्बर से खरीदी होगी प्रारंभ**

राज्य शासन के तय कार्यक्रम के तहत इस बार प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ की जायेगी। जो किसानो के लिए सही समय है क्योंकि दीपावली का मुख्य त्यौहार निकल चुका है। हां इतना जरूर है कि मौसम को देखते हुए जिन किसानो ने धान कटाई शुरू कर दी है उनके लिए धान को करीब 15 दिनो तक सुरक्षित रखने में परेशानी उठानी पड़ सकती है।

**दूसरे राज्यों में पहुंचे हार्वेस्टर**

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूरा देश इस बात से वाकिफ है कि छत्तीसगढ़ राज्य धान के उत्पादन में अग्रणी हैं। यहां के प्रायः सभी जिलों में हर साल धान की बम्पर पैदावार होती है। जिनमें कबीरधाम जिला भी शामिल है। यहीं वजह है कि हर साल धान की फसल तैयार होने के साथ ही पंजाब, हरियाणा सहित दूसरे राज्यों से कई लोग अपने हार्वेस्टर लेकर यहां पहुंच जाते हैं और प्रति एकड़ धान की कटाई की रकम तय कर अच्छी कमाई करते हैं। जिले के सम्पन्न व बड़े किसान भी मजदूरों की जी हजूरी करने की बजाय इन हार्वेस्टर संचालकों से ही धान की कटाई कम वक्त में और अच्छे ढंग से करा लेते हैं। बताया जा रहा है कि इस बार भी जिले में इस समय थोकभाव में हार्वेस्टर संचालक पहुंचे है और धान कटाई का काम तलाश रहे हैं।

**मनमानी:** लोग पूछ रहे आखिर कब होगा लाखों के भवन निर्माण का लोकार्पण

# पिछले 3 साल से अपूर्ण पड़ा है बोड़ला का सर्व मांगलिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

माना जा रहा था कि सत्ता परिवर्तन के बाद जिले की व्यवस्था में सुधार होगा और विभागों के अधिकारियों तथा उनके ठेकेदारों की मनमानी पर लगाम लगेगी। सभी शासकीय विकास एवं निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त और समय में पूरा कराए जाएंगी। लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के करीब दस माह बाद भी जमीनी हकीकत ये है कि सब कुछ पुराने ढर्रे में और मनमाने ढंग से ही चल रहा है। विभागीय अधिकारी और उनके ठेकेदार आज भी अपने ही अंदाज में अपने ही ढंग से सरकारी निर्माण कार्यो को अंजाम दे रहे हैं। जिन्हें देखने सुनने वाला सत्ता सरकार में कोई नहीं है। इसकी एक बानगी जिले की कवर्धा विधानसभा की नगर पंचायत बोड़ला में देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबकि यहां कांग्रेस शासनकाल में नगरवासियों की मांग पर शासन ने वर्ष 2021 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व मांगलिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 73 लाख 44 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की थी। संबंधित कार्य ऐजेंसी ने इस लाखों रूपए की लागत से बनने वाले भवन का ठेका अपने किसी चहेते ठेकेदार को देते हुए 28 अक्टूबर 2021 को वर्क आर्डर जारी किया था और भवन निर्माण के लिए कार्य अवधि 8 माह निर्धारित की गई थी। लेकिन वास्तविकता ये है कि करीब तीन साल बाद भी यह भवन का लोकार्पण नहीं हो पाया है और भवन में अब भी कुछ काम बाकी है। ऐसे में अभी तक नगरवासियों के लिए इस भवन की उपयोगिता फिलहाल शून्य बनी हुई है। नगरवासियों ने बताया कि भवन भले ही अपने निर्धारित समय से करीब दो साल लेट ही सही लेकिन अब लगभग बनकर तैयार हो चुका है। वहीं जो थोड़ा बहुत काम शेष उसे संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि चाहें तो ठेकेदार को बोलकर हप्तेभर में पूरा कराकर इसका लोकार्पण करा सकते हैं। ताकि आने वाले देवउठनी एकादशी के बाद अंचल व नगर में होने वाले मांगलिक कार्यो में जरूरतमंद लोगों के यह काम आ सके। लेकिन भगवान जाने क्यों संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है क्यों ठेकेदार को खुली छूट दी गई है। लोगों ने भवन का जल्द से जल्द लोकार्पण कराकर इसे लोगों के लिए सुलभ कराए जाने की मांग की है।

**कहीं नेताओं में श्रेय लेने की होड़ तो नहीं**



कुछ लोगों का मामना है कि क्योंकि इस भवन निर्माण की स्वीकृति कांग्रेस शासनकाल में प्रदान की गई थी और वर्तमान में बोड़ला नगर पंचायत में भी कांग्रेस की ही महिला अध्यक्ष काबिज हैं। ऐसे में अगर इस भवन का लोकार्पण अभी किया जाता है तो निश्चित रूप से इसका श्रेय कांग्रेस को चला जाएगा और लोकार्पण की शिला में कांग्रेस अध्यक्ष का नाम अंकित होगा। तो क्या इस भवन के लोकापर्ण के लिए अनावश्यक रूप से सिर्फ इसलिए देरी की जा रही है ताकि सत्तारूढ़ दल के नेता इसका श्रेय ले सकें और क्या ये मान लिया जाए की अब इस लाखों के लागत से निर्मित भवन की सेवाएं लेने के लिए नगर व क्षेत्रवासियों को अभी नगर पंचायत चुनाव सम्पन्न होने तक इंतजार करना पड़ेगा। अगर वास्तव में भवन का लोकार्पण नहीं किए जाने का यही कारण है तो निश्चित रूप से यह गलत है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं को इस छोटी सोच से ऊपर उठकर लोगों की जरूरत के विषय में सोचना चाहिए और अगर ऐसा नहीं है तो फिर नगरवासियों की मांग के अनुरूप भवन का निर्माण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए ताकि लोगों को इसका लाभ मिना प्रारंभ हो सके।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की ध्यान आकर्षण रैली आज



- संघ ने सौंपा ज्ञापन, शासन के समक्ष रखी चार सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्य रूप से शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने सहित अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 8 नवम्बर को प्रदेश सहित जिलेभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय ध्यान आकर्षण रैली का आयोजन करने जा रही है।

प्रांतीय आव्हान पर आयोजित इस ध्यान आकर्षण रैली को लेकर दोनों ही संघों द्वारा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सोनबाई बंजारे, अंजू अवस्थी कवर्धा परियोजना अध्यक्ष, सुलोचनी ठाकुर, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मेरावी, राधा बर्मन ने बकायदा ध्यान आकर्षण रैली के संबंध में बीते दिनो जिला कलेक्टर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के ज्ञापन सौंपकर बताया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बीते कई वर्षो से उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रही है लेकिन आज पर्यंत उनकी मांगों को पर कोई विचार नहीं किया गया है।

जिसे देखते हुए संघ ने एक बार फिर मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने तथा जब तक शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया जाता तब तक सहायिका कार्यकर्ता को 26000 रुपए मानदेय दिए जाने तथा प्रतिवर्ष इसमें 10 प्रतिशत की बढ़ात्तरी किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पदोन्नत कर सुपरवाईजन बनाने तथा सहायिकाओं को पदोन्नत कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनने, सुपरवाइजर पद की भर्ती तत्काल निकाले जाने तथा कार्यकर्ता व सहायिका को सेवानिवृत्ति के बाद 10 लाख रुपए की राशि एक मुस्त भुगतान किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

उन्होने बताया कि संघ अपनी मांग को लेकर 8 नवम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में ध्यान आकर्षण रैली आयोजित करेगा तथा उसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# ग्राम तितरी में किया गया जल उत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखारजंगल

जिले के बोडला ब्लॉक के गांव तितरी में गत बुधवार को जल उत्सव का शुभारंभ किया गया। यह भव्य आयोजन गांव के लोगों में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने और उनके सक्रिय सहयोग से जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर लगभग 250 लोग उपस्थित थे, जिनमें स्थानीय नेता, सभी बीएलओ, विभाग प्रमुख, ग्रामीण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा की आरती और नदी पूजन के साथ की गई, जिसमें सभी ग्रामीणों और विशेष अतिथियों ने भाग लिया। इस पावन समारोह के बाद उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और जलगांव उत्सव अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्प लिया। जल उत्सव के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जल संपदा से संबंधित एक तथ्य पत्र भी जारी किया गया। इस तथ्य पत्र में गांव के जल संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण स्थानीय कला जत्था का नृत्य प्रदर्शन था, जिसने अनोखे तरीके से जल संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। कला जत्था के सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मंच पर नृत्य किया और संगीत के ताल पर जल के महत्व और उसके संरक्षण की अपील को दर्शाया। नृत्य के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि जल प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है, जिसका हर बूंद का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। नृत्य की एक झलक में दिखाया गया कि कैसे पानी का महत्व हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है और कैसे एक-एक बूंद की बर्बादी हमारे भविष्य को अंधकार में डाल सकती है। नृत्य प्रदर्शन में नदी, तालाब, झरने और वर्षा के रूपक का इस्तेमाल किया गया, जो गांव के लोगों के लिए बहुत प्रभावशाली था। इस प्रदर्शन में यह भी दिखाया गया कि जल संकट के कारण कैसे सूखा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम चारभाठा में सात लाख की लागत से बनेगी पुलिया किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶बिजई

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजई के आश्रित ग्राम चारभाठा के ग्रामीणों को बड़ी सौगात देते हुए जनपद सदस्य एवं पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय जनपद सदस्य मिथलेश बंजारे ने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत 7 लाख रूपए की लागत से ग्राम चारभाठा में पुलिया निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस पुलिया निर्माण क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। पुलिया निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाकवर दास उपसरपंच, शंकर डहरिया, शिव बंजारे, टोमन चंद्रवंशी, वरिष्ठ पंच गुनी राम यादव, ग्राम पंचायत के पंचगण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिवंगत पंचायत शिक्षकों के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा का रास्ता खुला

## टीचर्स एसोसिएशन ने निर्णय का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए शिक्षक पंचायत संवर्ग के पात्र आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति देने के आदेश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छ्ग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा पांच नवम्बर 2024 को जारी पत्र के अनुसार ऐसे शिक्षक पंचायत संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी एवं जिनके आश्रित नियमानुसार सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर अनुकम्पा हेतु हायर सेकेण्डरी, डीएड या डीएलएड एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण हैं, उन्हें नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि दिवंगत पंचायत शिक्षक, पंचायत विभाग में नियुक्त होकर अत्यल्प वेतन के बाद भी निष्ठापूर्वक सेवा प्रदान कर रहे थे, जिनकी सन 2010 से 2018 की अवधि में सेवा के दौरान ही विभिन्न कारणों से निधन हो गए थे, उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं मिल पाया है।

कैबिनेट के 18 जून 2018 के निर्णय में सीधी भर्ती की कार्यवाही स्थगित रखे जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके कारण पात्रता रखने वाले आश्रितों को भी अनुकम्पा नहीं मिल पा रहा था। अब शासन के निर्णय के बाद जिले के चार-पांच पात्र आश्रित को शीघ्र ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ मिलेगा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, हेमलता शर्मा आदि पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार आने वाले समय में कम योग्यता रखने वाले आश्रित को भी सहायक ग्रेड-3, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला एवं भृत्य के पदों पर योग्यतानुसार अनुकम्पा देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

**जिले के इन आश्रितों को अनुकंपा का इंतजार**

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में सन 2010 से लेकर 2018 तक आकस्मिक निधन हुए 36 पंचायत शिक्षकों के जिन आश्रितों को अभी अनुकम्पा नियुक्ति का इंतजार है, उनमें अजीत वर्मा, विवेकानंद मरकाम, सौरभ साहू, चंपा बाई, अक्षत सिंह, राहुल मेरावी, इंदपाल मेरावी, गायत्री चन्द्रवंशी, नागेश्वर धुर्वे, प्रीति वर्मा, अनिल कार्निक, प्रमिला रामपुरिक, नंदनी डेहरे, किरण चंद्रा, मंजू पोर्ते, रजनी साहू, अश्वनी सोनवानी, किरण बंजारे, राजकुमार अदितीय, शैल जायसवाल, नेत्ररानी पिस्दा, ललिता पटेल, धृतकुमारी सुधाकर, महेंद्र मेरावी, लता साहू, पुष्पा माठले, नर्मदा ठाकुर, प्रमोद चतुर्वेदी, इंदिरा भुआर्य, राधिका चुरेन्द्र, रेशमा मरकाम, केशरी वाटिया, सिद्धार्थ परिहार, रिकेश्वर धुर्वे, मौसमी टाइगर, सीमा धुर्वे आदि का नाम शामिल है. प्रदेशभर में अनुकम्पा के ऐसे लंबित प्रकरणों की संख्या लगभग 1269 है।

**कबीरधाम जिला भारत स्काउट्स एवं गाईड्स संघ का भव्य समारोह**

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने मनाया 75 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिला संघ द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्वयं कार्यक्रम में शिरकत की और स्काउटिंग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्काउट्स और गाइड्स को स्काउटिंग के 75 वर्षों के गौरवशाली सफर का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्काउटिंग के महत्व, नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्यों पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्थापना दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों में रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी कला और विचार प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला। 75 वें स्थापना दिवस के इस आयोजन ने स्काउटिंग से जुड़े सभी लोगों को एकजुट कर उनके भीतर सेवा, सहयोग और सृजनशीलता के मूल्यों को सुदृढ़ किया। स्काउट्स एवं गाइड्स ने एकजुट होकर समाज में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पदेन जिला आयुक्त जिला एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, एसके जायसवाल, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट विंग) सुजीत कुमार गुप्ता व गाइड विंग से संजू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी व गाइड विंग से भगवती हठीले,राज्य मिडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह ठाकुर, स्काउट मास्टर ईशाक खान, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी एवं नगर के भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, सेजेस रानी दुर्गावती चौक, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम, सेजेस सिग्नल चौक, सेजेस कहचरी पारा, संस्कार पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विवेकानंद हाई स्कूल, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर, आर्दश विद्या मंदिर हाई स्कूल, ज्योति विद्या मंदिर हाई स्कूल आदि स्कूलों के स्काउट-गाइड व रोवर्स-रेंजर्स, स्काउटर-गाइडर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।